# ECHO OF HIS CALL

**HINDI**

# बुलावे की प्रतिध्वनि

ECHO OF HIS CALL 1969-2019 GOLDEN JUBILEE
REACHING NATIONS


*India's National Spiritual Newspaper*

₹ 10/-

Published monthly in ENGLISH, TAMIL, MALAYALAM, TELUGU, HINDI, KANNADA, MARATHI, BENGALI, GUJARATI, ODIYA, ASSAMESE, PUNJABI, NEPALI, URDU, SINHALA & AFRIKAN

Editor : S. SAM SELVA RAJ | 16 Languages | Associate Editor : Sis. DOROTHY S. THOMAS

Vol. XXX | YEAR OF OUR LORD JESUS CHRIST, 2024 DECEMBER | No.01

पवित्र बाइबल!
इन वचनों को याद करें
परमेश्वर की स्तुति हो
लूका 1:28—35

28 स्वर्गदूत ने उसके पास भीतर आकर कहा, "आनन्द और जय तेरी हो, जिस पर ईश्वर का अनुग्रह हुआ है! प्रभु तेरे साथ है!"
29 वह उस वचन से बहुत घबरा गई, और सोचने लगी कि यह किस प्रकार का अभिवादन है?
30 स्वर्गदूत ने उससे कहा, "हे मरियम, भयभीत न हो, क्योंकि परमेश्वर का अनुग्रह तुझ पर हुआ है।
31 देख, तू गर्भवती होगी, और तेरे एक पुत्र उत्पन्न होगा; तू उसका नाम यीशु रखना।
32 वह महान् होगा और परमप्रधान का पुत्र कहलाएगा; और प्रभु परमेश्वर उसके पिता दाऊद का सिंहासन उसको देगा,'
33 और वह याकूब के घराने पर सदा राज्य करेगा; और उसके राज्य का अन्त न होगा।"
34 मरियम ने स्वर्गदूत से कहा, "यह कैसे होगा। मैं तो पुरुष को जानती ही नहीं।"
35 स्वर्गदूत ने उसको उत्तर दिया, "पवित्र आत्मा तुझ पर उतरेगा, और परमप्रधान की सामर्थ्य तुझ पर छाया करेगी; इसलिये वह पवित्र जो उत्पन्न होनेवाला है, परमेश्वर का पुत्र कहलाएगा।को महिमा देनी होती है।



## मसीह में परमेश्वर की शांति

**THE PEACE OF GOD IN CHRIST!**
Embracing the True Spirit of Christmas!

### ख्रिसमस के वास्तविक भाव को अपनाना



(मानद प्रधान सम्पादिका, रेव्ह. एन्जेलिन सेल्वाकुमारी)



जैसे ही अवकाश की ऋतु शुरू होती है, संसार त्योहार की उमंग भरे प्रदर्शनों, चमकती हुई लाईटों और आनंद से भरपूर कैरल्स गीतों से सुसज्जित हो उठता है। फिर भी, इन सब उत्सावों के मध्य मनुष्य के हृदय में शांति, चंगाई, और आशा की एक गहरी लालसा बनी रहती है। क्रिसमस - यीशु मसीह के जन्म का उत्सव - शांति का परिवर्तनकारी संदेश देता है जो पारंपरिक त्योहारों से परे है। मसीह के द्वारा, हम न केवल इस समय का आनंद पाते हैं परंतु एक गहरी, स्थायी शांति भी जो चंगाई और पाप, लज्जा, तथा घायल संसार की चिंताओं से छुटकारा भी ले आती है।

### मसीह के जन्म में शान्ति का संदेश

क्रिसमस की कहानी, जिसका वर्णन मत्ती और लूका के सुसमाचारों में किया गया है, मानवजाति के लिए आशा की नई सुबह का संदेश देती है। स्वर्गदूतों ने चरवाहों को घोषणा की, **आकाश में परमेश्वर की महिमा और पृथ्वी पर उन मनुष्यों में जिनसे वह प्रसन्न है, शान्ति**

*पृष्ठ 4 में क्रमशः...*




एको ऑफ हिज़ कॉल *5 मिनिट का संदेश!!*

यू ट्यूब *मसीही चैनल!*
तुम्हें पास्टर एस. सैम सिल्वा राज के साथ प्रार्थना करने का अवसर मिलेगा!

*अंग्रेजी, हिन्दी, तमिल और तेलूगू*

*प्रतिदिन सुबह* 2 *बजे*

*तमिल रविवार सभा - सुबह 8:30 बजे*

* Please Subscribe and Share *

ECHO OF HIS CALL - (1969-2019 GOLDEN JUBILEE YEAR)



# from your dearly beloved brother...

REACHING NATIONS



**OUR MISSION POLICY**

We should expound and teach the contemporary generation the undiluted teachings of the ancient and early Apostles. It is the need of the hour.

HON. EDITOR-IN-CHIEF
Rev. Angeline S. Kumari, M.A., M.Sc., M.Ed.
HON. MANAGING EDITOR
Pastor Alex Samson Sam, B.Th., M.Div.
GENERAL MANAGER
Bro. N. Prakasam, M.A., M.Sc.(C&P), PGDHRM, MBA.
ADMINISTRATION
Sis. Jesy Veena Sam
Adv. K. Puratchivendan, M.Com., C.A., B.L.
Dr. P.E.R. Premchand, M.Sc., M.A., M.Ed., Ph.D.
Dr. C.G.S. Baburao, B.Tech., M.Tech. (DM), Ph.D.
Dr. Rabinder Boaz, M.S. (CMC)
EDITORIAL BOARD
Dr. Serena Bevin, M.A., M.Phil., B.Ed.
Sis. Sajini Cherian
Rev. Dr. K.R. Rajasekaran
Rev. Dr. William Robert, Ph.D., DD, D.Lit.
EDITOR, PUBLISHER & PRINTER
Pastor S. SAM SELVA RAJ
Echo of His Call Printers
10, Mohammed Abdullah 2nd Street,
Chepauk, Chennai- 600 005, India.
Phone : (+ 91- 44) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766
Cell : (+91) 98410 71852, 98412 71858 95661 31858
E.MAIL
sam@echoofhiscall.org
biblecor@yahoo.co.in
WEBSITES
www.echoofhiscall.org
www.stpaulsmatriculation.com
YOUTUBE CHANNEL
Echo of His Call

**"जितने यहोवा को पुकारते हैं, अर्थात् जितने उसको सच्चाई से पुकारते हैं, उन सभों के वह निकट रहता है।" भजन 145:18**

मसीह यीशु में अत्यंत प्रिय,

यह हमारे लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि हमारे प्रभु और उद्धारकर्ता यीशु मसीह के अद्भुत नाम में, जो सब नामों में ऊंचा है आपका अभिवादन करें!

जी हां, परमेश्वर यीशु मसीह के अनुग्रह से हम सुरक्षित हैं। परमेश्वर ने अपनी सामर्थ से हमारे सहकर्मियों को छूआ है और उन्हें विभिन्न रोगों और मानसिक पीड़ाओं से चंगाई दी है।



महिलाओं के लिए विशेष कैम्प

परमेश्वर के अनुग्रह से हमने 19 अक्टूबर 2024 को महिलाओं के लिए विशेष कैम्प आयोजित किया। हमारी प्रधान सम्पादिका, बहन एन्जेलिन सेल्वा कुमारी ने परमेश्वर का संदेश दिया। जिन महिलाओं ने सभा में भाग लिया, उन्होंने उनके व्यक्तिगत जीवनों और पारिवारिक जीवनों में



महाबलिपुरम में जोशूवा वॉरियर्स

परमेश्वर के स्पर्श को अनुभव किया।

उसी तरह चेन्नई से करीब 60 कि.मी दूर महाबलिपुरम के निकट एक कैम्प साईट पर जोशूवा वॉरियर्स नाम के तहत केवल पुरुषों के लिए एक दिवसीय कैम्प का आयोजन किया था। हमने हमारी अपनी मिनी बसेस के साथ एक और बस ले ली थी। 70 पुरुषों ने इस कैम्प में हिस्सा लिया। विशेष

Our Ministries: ECHO OF HIS CALL Monthly Magazines (16 languages) BIBLECOR - Postal Courses (3 languages) YouTube Ministry Online Courses Theological Correspondence Courses (2 languages) Church Planting Nehemiah Bible Colleges Gospel Printing Press Great Commission Partners St. Paul's Matriculation School Crusades Community Development

प्रचारकों ने प्रचार किया। प्रार्थना समय, खेल का समय, अपने अनुभव बांटने का समय और समर्पण का समय शामिल था। अपने मसीही विश्वास में पिछड़ गए कुछ पुरुषों ने आंसुओं के साथ आगे आकर अपने जीवन को यीशु मसीह को समर्पित किया। वे गिरजाघर आएंगे और तुरंत सेवकाई में हिस्सा लेंगे। हमने सुबह का नाश्ता, दोपहर का भोजन, नाश्ता और चाय, वैसे ही हर एक को विनामूल्य टी-शर्ट दी। कृपया उनके लिए प्रार्थना करें।

आपके समान ही, जीवित और प्रेमी उद्धारकर्ता यीशु मसीह के जन्म के आधार पर इस माह, हम सुसमाचार कार्यक्रमों का आयोजन करने में व्यस्त हैं। अपने बक्षिसों, भोजन, वस्त्र, कलीसिया के कार्यक्रम, सुसमाचार कार्यक्रम आदि के द्वारा अनपहुंचे समुदायों के पास पहुंचने का यह उत्तम समय है। हमारे सभी सहकर्मियों के उत्तम स्वास्थ के लिए प्रार्थना करें।

हम अपने प्रिय भाइयों और बहनों को धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने अपनी प्रार्थना और सहायता के द्वारा पिछले सन 2024 में हमें सम्भाला। हम गवाही दे सकते हैं कि मुश्किल समयों के दौरान, प्रभु ने हमें डरने नहीं दिया क्योंकि वह हर समय हमारे साथ यात्रा कर रहा था। उसकी लाठी और सोटे ने हमें बल और सांत्वना दी... **उसके सोटे और लाठी से मुझे शान्ति मिलती है।** भजन 23:4। हम आशा करते हैं कि नया साल उसके बच्चों के लिए बड़ी आशीष होगा।

हम आपको शब्दों से परे प्रेम करते हैं और आपके लिए तथा आपके प्रियजनों के लिए प्रार्थना करते हैं।

**यहोवा तुझे आशीष दे और तेरी रक्षा करे; यहोवा तुझ पर अपने मुख का प्रकाश चमकाए, और तुझ पर अनुग्रह करे; यहोवा अपना मुख तेरी ओर करे, और तुझे शांति दे।** - गिनती 6:24-26।

हम आपको क्रिसमस की बधाई देते हैं नया साल 2025 आशीषमय हो।

*मसीह यीशु में आपके सेवक,*
*पास्टर एलेक्स सैमसन सैम*
*पास्टर एस. सैम सिल्वा राज*

(+91) 98410 71858 / 98412 71858
Email: sam@echoofhiscall.org

## एको ऑफ हिज़ कॉल के पाठकों : ध्यान दें

हमारे 5 मिनिट के एको ऑफ हिज़ कॉल यूट्यूब संदेश सुबह 2 बजे तमिल, अंग्रेज़ी और हिंदी में प्रतिदिन प्रसारित किए जाते हैं। इन संदेशों को देखने से आप परमेश्वर का अनुग्रह पा सकते हैं।

इसके अलावा, आपके व्यक्तिगत मोबाइल फोन में मेरे मोबाइल क्रमांक (+91) 98410 71858, (+91)98412 71858 सेव करें।

- पास्टर एस. सॅम सेल्वा राज

**... All continued with one accord in prayer and supplication, with the women and Mary the mother of Jesus, and with His brothers. Acts 1:14**

We wish to pray together with Godly people of the Southern Districts of Tamil Nadu!

## Deliverance Prayer for God's Children and World Peace!

**Place: Echo of His Call World Peace Prayer Centre,**
**Alwarcoil Junction, Vattam Road,**
**Eranial–Thuckalay Main Road,**
**Neyyoor P.O., Kanyakumari District-629 802.**

**Time : 13-12-2024**
**2nd Friday**
**10.00 A.M. to 12.00 noon**



**Pastor S. Sam Selva Raj will join with his ministerial workers.**

Pastor S. Sam Selva Raj was born and received God's calling in Kanyakumari District and he is having multifarious ministries for the past 55 years, with his Head Quarters in Chennai.

As per the revelation from God, God willing this meeting will be conducted on the second Friday of every month at 10.00 A.M. Sick will be prayed for! The Lord Jesus Christ will do wonders!!

God's children who are enabled by the Lord can join. Children of God residing far and having a burden for this prayer can pray from their respective places at the same time.

**Administrative Committee: Echo of His Call Ministries Cell: 98412 71858**

*पृष्ठ 1 से आगे:...*

**हो** लूका 2:14, ईएसवी। इस घोषणा में, शान्ति अटूट रूप से मसीह के जन्म के आनंद से जुड़ी है - परमेश्वर के प्रति मनुष्य के मेलमिलाप में गहरे प्रभाव की झलक।

यशायाह की भविष्यद्वाणी इस संदेश का बड़े सुंदर ढंग से वर्णन करती है : **क्योंकि हमारे लिये एक बालक उत्पन्न हुआ, हमें एक पुत्र दिया गया है; और प्रभुता उसके कांधे पर होगी, और उसका नाम अद्‌भुत युक्ति करनेवाला पराक्रमी परमेश्वर, अनन्तकाल का पिता, और शान्ति का राजकुमार रखा जाएगा।** यशायाह 9:6 ईएसवी। शान्ति का राजकुमार पाप और कलह से बिगड़े हुए संसार में शान्ति लाने के यीशु के मिशन को वर्णन करता है।

## हमारे लंगर के रूप में मसीह की शान्ति!

जीवन के संकटमय क्षणों में, परमेश्वर की शान्ति हमारे प्राणों के लिए लंगर बन जाती है। प्रेरित पौलुस फिलिप्पियों 4:6–7 में लिखता है, **किसी भी बात की चिन्ता मत करो; परन्तु हर एक बात में तुम्हारे निवेदन, प्रार्थना और विनती के द्वारा धन्यवाद के साथ परमेश्वर के सम्मुख उपस्थित किए जाएं। तब परमेश्वर की शान्ति, जो सारी समझ से परे है, तुम्हारे हृदय और तुम्हारे विचारों को मसीह यीशु में सुरिक्षत रखेगी।** (ईएसवी)। यह शान्ति जीवन के तूफानों के मध्य बदलाव लाने वाली, सुरक्षा और शान्ति देने वाली है। मसीह के द्वारा, हमें परमेश्वर के साथ एक रिश्ते में बुलाया गया है जो हमें उसकी निरंतर उपस्थिति और देखभाल का आश्वासन प्रदान करती है। चाहे त्योहार की ऋतु में हो या व्यक्तिगत दुःख के समयों में शान्ति हमें घेर लेती है, हमें स्मरण दिलाती है कि हम अकेले नहीं हैं।

## पाप और शर्म से छुटकारा!

क्रिसमस के सबसे सामर्थी संदेशों में से एक है यीशु के द्वारा पाप और शर्म से छुटकारा। पाप और अपराध बोध से चिह्नित मानवजाति की टूटन, अक्सर अपर्याप्तता और लज्जा की भावनाओं के परिणामस्वरूप होती है। यीशु का जन्म छुटकारे के लिए परमेश्वर हस्तक्षेप को दर्शाता है। जैसा कि स्वर्गदूत गब्रिएल ने मरियम को आश्वासन दिया, **क्योंकि जो वचन परमेश्वर की ओर से होता है वह प्रभावरहित नहीं होता।** लूका 1:37 ईएसवी। मसीह का आगमन केवल एक चमत्कारी घटना नहीं थी, बल्कि परमेश्वर और मनुष्य के बीच एक नई वाचा की शुरुआत थी। यीशु हमें हमारे पापों से बचाने के लिए आया था, जैसा कि मत्ती 1:21 में घोषणा की गई है : **वह पुत्र जनेगी और तू उसका नाम यीशु रखना, क्योंकि वह अपने लोगों का उनके पापों से उद्धार करेगा।**

पौलुस इस सन्देश पर ज़ोर देता है जो मर्मस्पर्शी रूप से रोमियों 8:1 में बताता है कि... **अतः अब जो मसीह यीशु में हैं, उन पर दण्ड की आज्ञा नहीं। क्योंकि वे शरीर के अनुसार नहीं वरन् आत्मा के अनुसार चलते हैं।** यह घोषणा आशा और स्वतंत्रता की है। यीशु ने हमारे पाप और लज्जा को क्रूस पर उठा लिया, न केवल क्षमा की प्रदान की, बल्कि परमेश्वर के प्रिय सन्तान के रूप में एक नई पहचान भी दी।

## क्षमा की सामर्थ्य!

परमेश्वर की शान्ति मसीह के द्वारा हमें प्राप्त क्षमा से गहराई से जुड़ी हुई है। यह क्षमा पाप और शर्म की जंजीरों को तोड़ देती है, जिससे हम नई स्वतंत्रता में चल पाते हैं। जैसा कि पौलुस ने कुलुस्सियों 1:13–14 में लिखा है, **उसी ने हमें अन्धकार के वश से छुड़ाकर अपने प्रिय पुत्र के राज्य में प्रवेश कराया, जिस में हमें छुटकारा अर्थात् पापों की क्षमा प्राप्त होती है** (ईएसवी)। इस सत्य को अपनाने से हम अतीत के बोझ से मुक्त हो जाते हैं, अपराध बोध का बोझ कम हो जाता है और हम वर्तमान में पूरी तरह से जीने की सामर्थ्य प्राप्त होती है। इसलिए, क्रिसमस उस स्वतंत्रता का उत्सव बन जाता है - परमेश्वर के पास आत्मविश्वास के साथ जाने की स्वतंत्रता, जो अब हमारी पिछली गलतियों से परिभाषित नहीं होती।

## टूटे हुए संसार में आशा!

उत्सव का प्रकाश और हर्षोल्लासपूर्ण समारोहों के बीच, कई लोग चुपचाप टूटन, मोहभंग और निराशा से जूझते हैं। प्रतिदिन के जीवन की परीक्षाएं - तनावपूर्ण रिश्ते,

*पृष्ठ 6 में क्रमशः...*


उपवास का दिन ठहराओ, महासभा का प्रचार करो। पुरनियों को, वरन् देश के सब रहनेवालों को भी अपने परमेश्वर यहोवा के भवन में इकट्ठा करके उसकी दोहाई दो।...। योएल 1:14

विश्वभर की कलीसियाओं और समाजों में बेदारी के लिए

**एक दिन की उपवास प्रार्थना!**

14.12.2024, दूसरा शनिवार सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक

**ECHO OF HIS CALL**
**10, Mohammed Abdullah 2nd Street,**
**Chepauk, Chennai - 600 005, India**

विशेष अतिथि

**प्रार्थना का अभिषेक पाए परमेश्वर के सेवक!**

हम आप सभी का प्रेमपूर्वक स्वागत करते हैं!
अन्य शहरों और विदेशों में विश्वास करने वाले हमारे एको ऑफ हिज़ कॉल यू ट्यूब लाइव टेलीकास्ट पर ऑनलाईन इस प्रार्थना में शामिल हो सकते हैं।

Pr. S. Sam Selva Raj Kamal Samson, Leader

GREAT COMMISSION PARTNERS
ECHO OF HIS CALL MINISTRIES
SINCE 1969

# महान आदेश के भागी

✽ भार उठना (गलातियों 6:2), ✽ सहायता करना (रोमियों 12:13) और ✽ चमकना (2 तीमु. 1:6)



## स्तुति और प्रार्थना निवेदन

**19 दिसंबर 2024, से 18 जनवरी 2025 तक**

(कृपया इस पृष्ठ को फाड़िये, घड़ी कीजिए और उसे अपनी बाइबल में रखकर निरंतर प्रार्थना कीजिए।)

### स्तुति विषय

19 दिसंबरः हमारे सभी सहायक संपादक और उनके परिवार के लिए।

20 दिसंबरः हमारे सुसमाचार मुद्रण प्रेस और उसके कुशल कर्मचारियों का निरंतर संचालन के लिए।

21 दिसंबरः हमारे वरिष्ठ पासवान और उनके परिवार पर ईश्वरीय सुरक्षा हो, उन्हें सभी प्रकार की बुरी शक्तियों से सुरक्षित रखे।

22 दिसंबरः हमारे मिशन कार्यकर्ताओं के अटूट समर्पण के लिये।

23 दिसंबरः हमारे प्रार्थना भागीदारों, सदस्यता भागीदारों, विश्वास भागीदारों, जीवन भागीदारों और महान आदेश भागीदारों के साथ-साथ उनके परिवारों पर परमेश्वर की दया और अनुग्रह के लिये।

24 दिसंबरः हमारी सेवकाई के कार्यकर्ताओं के परिवारों पर परमेश्वर की भरपूर आशीष के लिए।

25 दिसंबरः जगत के उद्धारकर्ता यीशु मसीह का जन्म, जो हम सभों को छुड़ाने के लिए आया।

26 दिसंबरः इस साल हमारे सभी क्रिसमस समारोहों पर परमेश्वर की आशीष के लिए।

27 दिसंबरः सेंट पॉल्स मैट्रिकुलेशन स्कूल और नहेम्या बाइबल कॉलेजों और जरूरतमंद लोगों की सेवा करने में हमारे ईश्वर विज्ञान पत्राचार पाठ्यक्रम के प्रभावशाली कार्य के लिए।

28 दिसंबरः 2024 और 2025 में एको ऑफ़ हिज़ कॉल सेवकाइयों की विषेश सभाओं और सेमिनारों पर उनका आशीष के लिए।

29 दिसंबरः इस पूरे वर्ष में परमेश्वर के सेवकों को ईश्वरीय सुरक्षा की आशीष के लिए।

30 दिसंबरः इस पूरे वर्ष में मसीही संगठनों के सुचारू और फलदायी संचालन के लिए।

31 दिसंबरः २०२४ में हमारी सभी ज़रूरतों को चमत्कारिक ढंग से पूरा करने आशीष के लिए।

01 जनवरी : संसार भर के सभी पाठकों और लोगों पर उनके मार्गदर्शन और आशीष के लिए, जो हमें नए वर्ष 2025 में ले जाएंगे।

02 जनवरी : 2025 के लिए नई प्रतिज्ञाओं के लिए, वह सभी कलीसियाओं और विश्वासियों के लिए आशा और आशीष लेकर आए।

03 जनवरी : वर्ष 2024 में सभी मसीही संगठनों और कलीसिया पर निरंतर आशीष के लिए।

### कृपया प्रार्थना करें

04 जनवरी : संसार भर में शांति और मानवता की वृद्धि।

05 जनवरी : संसार भर के लोगों के लिए नई बीमारियों से सुरक्षा और अच्छा स्वास्थ्य।

06 जनवरी : बुरी ताकतों के खिलाफ सभी कलीसियाओं पर ईश्वरीय सुरक्षा।

07 जनवरी : विश्व के नेता ईश्वरीय ज्ञान से कार्य करें, सभी लोगों की भलाई के लिए काम करें।

08 जनवरी : सेंट पॉल्स मैट्रिकुलेशन स्कूल और नहेम्या बाइबल कॉलेजों और ईश्वर विज्ञान पत्राचार पाठ्यक्रम के प्राचार्य, शिक्षक, छात्र और कर्मचारी।

09 जनवरी : 2025 तक पास्टर एस. सैम सेल्वा राज और उनके परिवार पर परमेश्वर का सामर्थी हाथ रहे।

10 जनवरी : राष्ट्रों के बीच शान्ति और आर्थिक समृद्धि।

11 जनवरी : हर जगह परिवारों के बीच सामंजस्य।

12 जनवरी : इस महीने हमारी ज़रूरतों के लिए परमेश्वर का प्रावधान।

13 जनवरी : हमारे वरिष्ठ पासबान की आत्मकथा का सफल समापन।

14 जनवरी : हमारी सेवकाई का विस्तार और दुनिया भर में सुसमाचार का प्रसार।

15 जनवरी : युवाओं के बीच हिंसा का अंत, और उन्हें पवित्र आत्मा से भरना।

16 जनवरी : मसीही परमेश्वर के वचन का पालन करें और मसीह जैसा चरित्र प्रदर्शित करें।

17 जनवरी : हमारे संगठन के लिए उपयुक्त और समर्पित कर्मचारी।

18 जनवरी : हमारे प्रार्थना भागीदारों, सदस्यता भागीदारों, विश्वास भागीदारों, जीवन भागीदारों, महान आदेश भागीदारों और उनके परिवारों पर परमेश्वर की आशीष हो।

*पृष्ठ 4 से आगे:...*

हिंसा से प्रभावित समुदाय और नुकसान का भारी दुख - इस ऋतु की खुशी को धुंधला कर सकते हैं। ऐसे संसार में, मसीह का जन्म आशा की एक दृढ़ किरण प्रदान करता है।

यीशु का आगमन मानवजाति के प्रति परमेश्वर के अपरिवर्तनीय समर्पण का प्रतीक है। जगत की ज्योति के रूप में, वह अंधकार के खिलाफ़ चमकता है। यूहन्ना 8:12 पुष्टि करता है, **यीशु ने फिर लोगों से कहा, जगत की ज्योति मैं हूं; जो मेरे पीछे हो लेगा वह अन्धकार में न चलेगा, परन्तु जीवन की ज्योति पाएगा।** (ईएसवी)। यह ज्योति आशा लाता है, तब भी जब जीवन बोझिल प्रतीत होता है।

प्रेरित पौलुस हमें स्मरण दिलाता है कि हमारी आशा मसीह में हमारे विश्वास पर आधारित है - एक ऐसी आशा जो वर्तमान और भविष्य दोनों को छूती है। रोमियों 15:13 में, वह प्रार्थना करता है, **परमेश्वर जो आशा का दाता है तुम्हें विश्वास करने में सब प्रकार के आनन्द और शान्ति से परिपूर्ण करे, कि पवित्र आत्मा की सामर्थ्य से तुम्हारी आशा बढ़ती जाए** (ईएसवी)। जैसा कि हम इस क्रिसमस पर यीशु द्वारा लाई गई आशा पर चिंतन करते हैं, हमें उस आशा को दूसरों के साथ साझा करने के लिए कहा जाता है, जो पीड़ित हैं उन्हें हम आश्वस्त करते हैं कि मसीह में सांत्वना मिल सकती है।

## आशाहीनों के लिए आशा!

क्रिसमस का संदेश निराशा से बोझिल लोगों की मदद करता है। बहुत से लोग जीवन की कठिनाइयों से घिरे हुए, खोए हुए या व्याकुल महसूस करते हैं। फिर भी भविष्यवक्ता यिर्मयाह यह याद दिलाता है : यिर्मयाह 29:11, **क्योंकि यहोवा की यह वाणी है, कि जो कल्पनाएं मैं तुम्हारे विषय करता हूं उन्हें मैं जानता हूं, वे हानि की नहीं, वरन् कुशल ही की हैं, और अन्त में तुम्हारी आशा पूरी करूंगा** एनआईवी।

यीशु इस आशा का मूर्त रूप है। उनका जीवन और शिक्षाएं हमें सांत्वना और उद्देश्य प्रदान करती हैं, हमें आश्वस्त करती हैं कि हमारी परिस्थितियां हमारे मूल्य या क्षमता को परिभाषित नहीं करते हैं। अर्थ की लालसा रखने वाले संसार में, क्रिसमस का संदेश हमें यीशु पर भरोसा करने का आग्रह करता है, जो जीवन के सबसे अंधकारमय क्षणों में भी आशा जगाता है।

## एक परेशान जगत में शान्ति के राजकुमार के रूप में यीशु!

हमारा संसार अनगिनत चुनौतियों का सामना कर रहा है - संघर्ष, गरीबी, अन्याय और विभाजन। जब हम मसीह के जन्म का उत्सव मनाते हैं, तो हमें याद दिलाया जाता है कि वह इन संघर्षों के मूल को संबोधित करने के लिए आया था। यीशु न केवल शान्ति का वाहक है; वह इसका सार भी है, जो हमें अपने जीवन में मेल करने वाले बनने के लिए बुलाता है। मत्ती 5:9 में कहा गया है, **धन्य हैं वे, जो मेल करानेवाले हैं, क्योंकि वे परमेश्वर के पुत्र कहलाएंगे।** (ईएसवी)। अपनी पूरी सेवकाई में, यीशु ने हाशिए पर पड़े लोगों तक पहुंचकर, विरोधियों से मेल-मिलाप करके और टूटे हुए दिलों को ठीक करके शान्ति लाने, मेल करने का उदाहरण दिया। उसका उदाहरण हमें अपने रिश्तों और समुदायों के भीतर शान्ति का सक्रिय रूप से अनुसरण करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

## कलीसिया की भूमिका!

कलीसिया एक त्रस्त संसार में मसीह की शान्ति लाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मसीह की देह के रूप में, हमें वास्तविक, मूर्त रूप से परमेश्वर के प्रेम और अनुग्रह को प्रकट करने के लिए बुलाया गया है। इफिसियों 2:14–16 में, पौलुस लिखता हैं, **क्योंकि वही हमारा मेल है जिसने दोनों को एक कर लिया और अलग करनेवाली दीवार को जो बीच में थी ढा दिया** (ईएसवी)।

यह परिच्छेद इस बात पर ज़ोर देता है कि मसीह के द्वारा, रुकावटें दूर होती हैं, और एकता स्थापित होती है। एक विभाजित संसार में, कलीसिया को आशा की किरण होना चाहिए, क्षमा और मेलमिलाप का उदाहरण बनना चाहिए। हमारे कार्य मसीह द्वारा प्रदान की जाने वाली शान्ति का एक शक्तिशाली प्रमाण बन जाते हैं।

## भय, चिंता और अवसाद से मानव हृदय को चंगा करना!

छुट्टियों का समय अक्सर कई लोगों के लिए भय, चिंता और अवसाद की भावनाओं

*पृष्ठ 8 में क्रमशः...*

NEHEMIAH BIBLE COLLEGES,
Chepauk & Santhoshapuram, Velachery Chennai.
Qualification : 10th Standard & above
ECHO OF HIS CALL 1966-2016 GOLDEN JUBILEE
REACHING NATIONS
Rush for admission! Medium :Tamil (Part Time)
Diploma in Theology
Hindi (Residential) (Sponsorship Available)
Recognised by
International Christian Leaders &
Senior Pastors for the past 55 years
Contact : The Chairman, Nehemiah Bible College.
10, MOHAMMED ABDULLAH 2ND STREET, CHEPAUK, CHENNAI - 600 005, INDIA.
Phone : (+91-44) 2852 8282, Cell : (+91) 98410 71852 / 95661 31858
E.mail : sam@echoofhiscall.org / Website : www.echoofhiscall.org

## कृपया हमारे मुख्यालय में हो रहे सेवाकार्यो के लिए प्रार्थना करें!

१. प्रार्थना सेवा : २४ घंटे
२. **बाइबलकोर** - बाइबल पत्राचार पाठ्यक्रम : अंग्रेजी, तमिल, हिन्दी
३. **बुलावे की प्रतिध्वनि (एको ऑफ हिज़ कॉल)** - मासिक पत्रिका अंग्रेजी, तमिल, मलयालम, तेलुगू, हिन्दी, कन्नड, मराठी, गुजराती, बंगाली, उड़िया, नेपाली, आसामी, पंजाबी, उर्दू, सिन्हाला, अफ्रीकान
४. नहेम्याह बाइबल कॉलेज (तीन केन्द्र)
५. थियोलॉजिकल प्रशिक्षण कोर्स - अंग्रेजी एवं तमिल
६. ग्रेट कमिशन पार्टनर्स
७. प्रशिक्षण कार्यक्रम
८. सुसमाचार सभाएं
९. साहित्य वितरण और फॉलो-अप
१०. सुसमाचार साहित्य मुद्रणालय -प्रकाशन
११. सेंट पॉल्स मॅट्रिक्युलेशन स्कूल- विलेज इंग्लीश स्कूल
१२. सण्डेस्कूल रविवार प्रातः ८.३० बजे
**१३. तमिल उपासना रविवार प्रात ५.०० बजे - ७.०० बजे १०.००बजे**
**१४. हिन्दी उपासना रविवार सायं ४.०० बजे**
**१५. तेलुगू उपासना रविवार सायं ५.०० बजे**
**१६. अंग्रेजी तथा तमिल उपासना रविवार सायं ६.०० बजे**
१७. महिलाओं की प्रार्थना सभा बुधवार सायं ५.३० बजे
१८. पुरुषों की प्रार्थना सभा शुक्रवार सायं ६.३० बजे
१९. शिष्यता की सभा शनिवार सायं ६.०० बजे
२०. गृह सभाएँ मंगल.गुरु सायं ६.३० बजे
२१. विशेष पवित्र सहभागिता-प्रभुभोज प्रतिमाह के १ ला दिवस पर प्रातः ५.३० बजे
२२. कर्मचारी समीक्षा सभा प्रथम शनिवार सायं ५.३० बजे
२३. पालकों की प्रार्थना सभा प्रथम रविवार सायं ४.०० बजे
२४. रात्रकालिन प्रार्थना द्वितीय शुक्रवार रात ९.३० बजे
२५. उपवास के साथ प्रार्थना प्रथम शनिवार सायं ९.३० बजे
२६. पवित्र प्रभुभोज द्वितीय रविवार की उपासनाएँ
२७. प्रातःकालीन उपासना प्रतिदिन प्रातः ५.०० बजे
२८. कर्मचारी वर्ग द्वारा प्रार्थना उपासना प्रतिदिन प्रातः ९.०० बजे
२९. कार्यालय प्रातः ९.०० बजे से सायं ६.०० बजे (रविवार छोड़कर)

## ऍको ऑफ हिज़ कॉल पत्राचार पाठ्यक्रम केवल भारत में उम्मीदवार के लिए

### 1. बाइबलकोर

हम नए मसीहियों और गैर–मसीहियों के लिए बाइबल के बुनियादी सत्य पर पत्राचार पाठ्यक्रम प्रस्तुत करते हैं अंग्रेजी–57 पृष्ठ, हिन्दी–76 पृष्ठ, और तमिल–96 पृष्ठ। आपको एक पाठ्यक्रम पुस्तक मिलेगी जिसका शीर्षक है नया जीवन – आपके लिए! इस कोर्स के पूरा होने के बाद आपको ***आपके लिए नया जीवन*** शीर्षक युक्त पाठ्यक्रम की एक पुस्तक प्राप्त होगी।

### 2. ईश्वरविज्ञान पत्राचार पाठ्यक्रम

ईश्वरविज्ञान पत्राचार पाठ्यक्रम नामक एडवान्स्ड डिस्टन्स एज्युकेशन पासबानों, सुसमाचार प्रचारकों और मसीही अगुवों के लिए भी उपलब्ध है जिन्हें परमेश्वर की सेवा के लिए बोझ है– अंग्रेज़ी 537 पृ. और तमिल 652 पृ. ! शुल्क रु. 1000/– लिया जाएगा, 149 अध्यायों की सात पुस्तकें दी जाएगी। सर्टिफिकेट इन मिनिस्ट्री दिया जाएगा। परमेश्वर आपको आशीष दे!

***अधिक जानकारी के लिए आज ही सम्पर्क करें।***

**The Chairman, Nehemiah Bible College,**
**Echo of His Call, Post Box 2957**
CHEPAUK, CHENNAI - 600 005.
**Ph.: (044) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766,**
**Cell : 98410 71852, 95661 31858**
**E.mail : biblecor@yahoo.co.in**

## एको ऑफ हिज़ कॉल मासिक पत्रिका विनामूल्य पाने का उत्तम अवसर

यदि आप डाक, पत्र, ईमेल, वॉट्स अप या फोन करके अपने मित्रों/रिश्तेदारों के पते भेज सके, तो हम उन्हें **एको ऑफ हिज़ कॉल** मासिक पत्रिका विनामूल्य भेजेंगे।

## कर में छूट

किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा "एको ऑफ हिज़ कॉल एज्युकेशनल ट्रस्ट" को दिया गया दान आयकर कानून की धारा ८० जी. के तहत कर मुक्त माना जाता है। इसके लिए अधिकृत रसीद दी जाएगी। दानदाताओं से निवेदन है कि वे अपने चेक तथा ड्राफ्ट **"एको ऑफ हिज़ कॉल एज्युकेशनल ट्रस्ट"** के नाम पर आपके आधार कार्ड और पैन कार्ड के साथ भेज दें।

| | | |
|---|---|---|
| Account Name | : | ECHO OF HIS CALL EDUCATIONAL TRUST |
| Account Number | : | 1023 2923 805 |
| Bank Name | : | STATE BANK OF INDIA |
| Branch | : | TRIPLICANE, CHENNAI - 600 005 |
| IFSC Code | : | SBIN 0000249 |
| SWIFT Code | : | SBI NIN BB 455 |



# खाई से महल तक

## (पास्टर एस. सॅम सेल्वा राज के जीवन अनुभव)

*"जो पढ़े वह समझे"* मत्ती 24:15



# असफलताएं सफलता की सीढ़ी हैं!

## MY FAILURES WERE LADDERS FOR SUCCESS!

एको ऑफ हिज़ कॉल की शुरुआत से ही, हमारी सेवकाई ने व्यक्तिगत प्रार्थना, सामूहिक प्रार्थना, उपवास और रात्रि प्रार्थना को बहुत महत्व दिया है। यह सेवकाई मानव बल या पैसों के बल पर नहीं, बल्कि प्रार्थना की सामर्थ्य पर बनाया गया था।

कई बार, परमेश्वर ने हमें चुनौती देने के लिए शत्रुतापूर्ण व्यक्तियों को लाया, जबकि अन्य समय में, उसने मुझे मदद करने वाले लोगों से घेर लिया। इन सबके बीच, परमेश्वर ने चमत्कारिक रूप से मेरा मार्गदर्शन किया। पीछे मुड़कर देखता हूं, तो मैं देखता हूं कि कैसे उसने मुझे उन लोगों के बीच मार्गदर्शन किया जो उसे नहीं जानते थे और जो हमारी सेवकाई का विरोध करते थे, फिर भी परमेश्वर का काम पूरा हुआ। एको ऑफ हिज़ कॉल के माध्यम से, कई लोगों ने अपने जीवन में अलौकिक चिन्ह और चमत्कारों का अनुभव किया है।

हमारी रात की प्रार्थनाओं और शाम की सभाओं के द्वारा लोगों ने कई आशीषें प्राप्त की, और मैंने इन सभाओं को बाकी सब से ऊपर प्राथमिकता दी। शुरू में, जब केवल कुछ लोग ही शामिल होते थे, तो हमारे आस-पास के लोग उदासीन लगते थे। हालांकि, जैसे-जैसे संख्या बढ़ती गई, हमारे एक साथ गाए जाने वाले गीत और प्रार्थनाएं कुछ पड़ोसियों के लिए परेशानी का कारण बन गईं, जिन्होंने इसे एक घुसपैठ के रूप में देखा। आराधना के लिए समर्पित स्थान के बिना, हमने अपनी सभाओं को पास के समुद्र तट पर स्थानांतरित कर दिया।

जैसे-जैसे लोगों की उपस्थिति बढ़ती गई और अधिकाधिक लोगों को आशीष मिलती गई, हमें नई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इन कठिनाइयों के बावजूद, हम इन सभाओं को जारी रखने के लिए विवश महसूस करते थे, और इससे मेरे दिल पर परमेश्वर के काम में लगे रहने का बोझ और गहराता गया।

इस चुनौती का सामना करने के लिए, एक प्रार्थना सहयोगी और मैं आधी रात तक अपने घुटनों पर बैठकर गिड़गिड़ाकर प्रार्थना करने लगे। हमने परमेश्वर से किसी तरह से हस्तक्षेप करने के लिए कहा। कई दिनों तक, उसने हमें बड़े, किराए के विवाह स्थल (हॉल) में इन सभाओं को आयोजित करने में सक्षम बनाया। परमेश्वर ने इन प्रार्थना सभाओं को समर्पण और त्याग के साथ संचालित करने की बल और सामर्थ्य प्रदान की।

उत्तर के रूप में, परमेश्वर ने हमें अपना खुद का भवन दिया जहां हमें किसी की दया की आवश्यकता नहीं थी। क्या हमारा परमेश्वर अद्भुत नहीं है? इस जीत को हासिल करने में कई साल लग गए, और हमें धैर्य के साथ, दृढ़ता के साथ इंतजार करना पड़ा।

प्रिय पाठक, परमेश्वर हमेशा तुरंत कार्य नहीं करता। वह प्रार्थना में हमारे धीरज और उत्साह को मूल्यवान समझता है। सही समय पर, परमेश्वर आपको ऊपर उठाएगा। तब तक, इसलिये परमेश्ध्वर के बलवन्त हाथ के नीचे दीनता से रहो, जिस से वह तुम्हें उचित समय पर बढ़ाए। 1 पतरस 5:6।

************

*पृष्ठ 6 से...*

को बढ़ाता है। सामाजिक अपेक्षाओं और व्यक्तिगत संघर्षों के बीच का अंतर व्याकुलता की भावनाओं को जन्म दे सकता है। परन्तु, यीशु हमारे थके हुए प्राणों को गहरी चंगाई और पुनर्स्थापना प्रदान करता है।

### परमेश्वर की उपस्थिति का आश्वासन!

चिंता के समय में, परमेश्वर हमें उसकी उपस्थिति की खोज करने के लिए आमंत्रित करता है। भजन संहिता 23:4 में, **दाऊद घोषणा करता है, चाहे मैं घोर अन्धकार से भरी तराई में होकर चलूं, तौभी हानि से न डरूंगा, क्योंकि तू मेरे साथ रहता है** (ईएसवी)। परमेश्वर की उपस्थिति का यह आश्वासन हमें याद दिलाता है कि हम अपने संघर्षों में कभी अकेले नहीं होते।

इसके अलावा, 1 पतरस 5:7 में, हमें प्रोत्साहन देता है कि **सचेत हो, और जागते रहो; क्योंकि तुम्हारा विरोधी शैतान गर्जनेवाले सिंह के समान इस खोज में रहता है कि किस को फाड़ खाए** (एनआईवी)। कोई बोझ उसके लिए भारी नहीं है। अपने डर और चिंताओं को परमेश्वर को सौंपने से, हम एक गहरे छुटकारे और उसकी शान्ति का अनुभव करते हैं।

### यीशु के द्वारा चंगाई!

यीशु टूटे हुए दिलों को चंगा करने और पीड़ितों को पुनर्स्थापित करने के लिए आया था। निराशा के क्षणों में, हम अपनी सामर्थ्य के स्रोत के रूप में उसकी ओर

मुड़ सकते हैं। यशायाह 61:1 में भविष्यद्वक्ता घोषणा करता है, **प्रभु यहोवा का आत्मा मुझ पर है; क्योंकि यहोवा ने सुसमाचार सुनाने के लिये मेरा अभिषेक किया और मुझे इसलिये भेजा है कि खेदित मन के लोगों को शान्ति दूं; कि बन्दियों के लिये स्वतंत्रता का और कैदियों के लिये छुटकारे का प्रचार करूं** (ईएसवी)।

यह प्रतिज्ञा भावनात्मक, आत्मिक और शारीरिक चंगाई प्रदान करती है। मसीह की ओर देखने से, हमें यह जानकर सांत्वना मिलती है कि वह हमारी पीड़ा को समझता है। वह हमें अपने बोझ उसके चरणों में रखने के लिए आमंत्रित करता है, बदले में पुनर्स्थापना और आशा प्राप्त करने के लिए।

## यीशु - शान्ति का परम स्रोत!

जैसे-जैसे हम जीवन की जटिलताओं का सामना करते हैं, यह पहचानना आवश्यक है कि यीशु शान्ति का परम स्रोत है। वह न केवल उथल-पुथल के बीच शांति प्रदान करता है, बल्कि अनंत आशा की नींव भी रखता है।

## प्रतिदिन के जीवन में शान्ति को अपनाना!

इस शान्ति का अनुभव करने के लिए, हमें प्रार्थना, पवित्र शास्त्र और संगति के माध्यम से मसीह के साथ एक रिश्ता स्थापित करना है। वचन हमें उन बातों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित करता है जो **इसलिये हे भाइयो, जो जो बातें सत्य हैं, और जो जो बातें आदरणीय हैं, और जो जो बातें उचित हैं, और जो जो बातें पवित्र हैं, और जो जो बातें सुहावनी हैं, और जो जो बातें मनभावनी हैं, अर्थात् जो भी सद्गुण और प्रशंसा की बातें हैं उन पर ध्यान लगाया करो** (फिलिप्पियों 4रू8) (ई.एस.वी.)। इन गुणों पर अपने मन को केन्द्रित करके, हम अपने प्रतिदिन के जीवन में परमेश्वर की शान्ति का स्वागत करते हैं।

गलातियों 5:22—23 में, पौलुस आत्मा के फल की बात करता है, जिसमें शान्ति या मेल शामिल है। जब हम आत्मा में चलते हैं और परमेश्वर के अधीन होते हैं, तो हम स्वाभाविक रूप से अपनी बातचीत और चुनावों में इस शान्ति को धारण करते हैं। शान्ति केवल एक भावना नहीं बल्कि जीवन जीने का एक तरीका बन जाती है, जो दूसरों के प्रति हमारे प्रेम और करुणा के माध्यम से व्यक्त होती है।

## शान्ति का वरदान साझा करना!

जब हम मसीह की परिवर्तनकारी शान्ति का अनुभव करते हैं, तो हमें इसे संसार के साथ बांटने के लिए कहा जाता है। विभाजन और अशान्ति से चिह्नित समाज में, हमारी मसीही गवाही यीशु में पाई जाने वाली आशा का प्रमाण बन जाती है। इस क्रिसमस पर, आइए हम दूसरों को हमारे साथ परमेश्वर की शान्ति का अनुभव करने के लिए आमंत्रित करें।

## समापन - क्रिसमस का सच्चा भाव!

क्रिसमस केवल एक छुट्टी से कहीं अधिक है; यह शान्ति, आशा और चंगाई के दिव्य संदेश को समाहित करती है। जब हम यीशु के जन्म का उत्सव मनाते हैं, तो हमें याद दिलाया जाता है कि सच्ची शान्ति उसके साथ रिश्ते में निहित है। पाप से हमारा छुटकारा, टूटेपन के बीच वह आशा जो वह प्रदान करता है, और शान्तिदूत बनने की उसकी बुलाहट, ये सभी इस ऋतु के महत्व के बारे में हमारी समझ को गहरा करते हैं।

ऐसे संसार में जो अक्सर अव्यवस्थित और विभाजित महसूस होता है, यीशु आशा और मेल-मिलाप की किरण के रूप में खड़ा है। उसके प्रेम के द्वारा, हम परमेश्वर के हृदय को प्रतिबिंबित करते हैं, एक त्रस्त संसार के साथ उसकी शान्ति साझा करते हैं।


## तत्काल आवश्यकता

एको ऑफ हिज़ कॉल का विस्तार बड़ी तेज़ी से हो रहा है। हमें निम्नलिखित पदों के लिए मिशन की मानसिकता रखनेवाले, उसके के प्रति समर्पित, और विश्वासयोग्य पुरुष और महिला उम्मीदवारों की आवश्यकता है :

- हमारे मुख्य गिरजाघर के लिए पूर्णकालिक सहायक पास्टर
- चेन्नई में हमारी शाखा कलीसियाओं के लिए पूर्णकालिक सहायक पास्टर
- पूर्णकालिक सुरक्षा कर्मी
- डी. टी. पी. ऑपरेटर और टाइपिस्ट
- अंग्रेजी और अन्य भाषाओं को बोलने और लिखने में कुशल
- प्रशासन में रुचि रखने वाले कार्यालय प्रबंधक
- पूर्णकालिक बाइबल कॉलेज व्याख्याता
- स्वयंसेवक जो हमारी सेवकाई को बढ़ावा दे सकें
- पूर्णकालिक ड्राइवर
- मैट्रिकुलेशन स्कूल के लिए प्रिंसिपल और शिक्षक
- पूर्णकालिक रसोइया (महिला)
- पूर्णकालिक हाउसकीपिंग कर्मचारी

**योग्यता और अनुभव के आधार पर वेतन।**

Please Contact **ECHO OF HIS CALL** office

**आवेदन करें**

**व्हाट्सएप नंबर : 98412 71858**

**ईमेल : sam@echoofhiscall.org**

RNI.No.63656/95, Postal Regn.No.TN/CH/(C)/202/24-26 WPP.No.TN/PMG(CCR)/WPP-222/24-26

आइए हम क्रिसमस की सच्ची भावना को अपनाएं, उसकी शान्ति को हमें बदलने दें और उस शान्ति को दूसरों तक पहुंचाएं। प्रेरित पौलुस के शब्दों में, और मसीह की शान्ति को अपने हृदयों में राज्य करने दें, जिसके लिए कुलुस्सियों 3:15, ईएसवी। यह क्रिसमस हमें मसीह में निहित इस शान्ति के करीब लाए, और हमें इसे ज़रूरतमंद संसार के साथ बांटने के लिए सामर्थ दे।

************

## OUR BANK DETAILS:

### *1. Bank : State Bank of India*

Branch : **Triplicane, Chennai-5**
Name : **S. Sam Selva Raj**
A/C No. : **1023 2934 679**
IFSC : **SBIN 00 00 249**
SWIFT CODE : **SBI NIN BB 455**

### *2. Bank : ICICI Bank*

Branch : **Anna Salai, Chennai-6**
Name : **Echo of His Call**
A/C No. : **6038 0502 2319**
IFSC : **ICIC 000 6038**

### *3. Bank : State Bank of India*

**(This Account is for Tax Exemption for Indians only )**

Branch : **Triplicane, Chennai-5**
Name : **Echo of His Call Educational Trust**
A/C No. : **1023 2923 805**
IFSC : **SBIN 00 00 249**

**Google Pay: 98410 71858**
**PayPal : SAM SELVA RAJ**
*****
**E.mail : sam@echoofhiscall.org**

# एको ऑफ हिज़ कॉल

१६ भाषाओं में मासिक पत्रिकाएं, पत्राचार पाठ्यक्रम, कलीसिया रोपन, ग्रामीण अंग्रेज़ी हायस्कूल, सुसमाचार छापखाना, क्रूसेड, सेमिनार, समाज सेवा आदि।

**वार्षिक शुल्कः रु. १००/-     आजीवन शुल्कः रु. २,०००/-**

**एको ऑफ हिज़ कॉल** की गतिविधियां आपके समान परमेश्वर के लोगों के स्वेच्छा दानों और भेंटों से पूरी की जाती हैं। आप परमेश्वर की अगुवाई के अनुसार **एको ऑफ हिज़ कॉल** और उसके सारे कार्यक्रमों को आर्थिक सहायता भेज सकते हैं। अनपहुंचे लोगों को सुसमाचार सुनाने हेतु और कलीसिया की स्थापना के लिए हमें आपकी सहायता की ज़रूरत है।

अगर आप **एको ऑफ हिज़ कॉल** मासिक पत्रिका नियमित रूप से प्राप्त करना चाहते हैं तो कृपया हमें लिख भेजें। जब कभी अपना पता या ई-मेल बदलें तो कृपया अपने पुराने एवं वर्तमान पते के बारे में अवश्य सूचना दें।

**एको ऑफ हिज़ कॉल** सेवकाई १६ भाषाओं की मासिक पत्रिका हमारे वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। आप इस साइट पर जाकर और उसे डाऊनलोड करके उसे पढ़ सकते हैं और आशीष पा सकते हैं।

आपके पत्र, प्रार्थना अनुरोध और आपकी आर्थिक सहायता (मनी ऑर्डर, चेक या डिमांड ड्राफ्ट, एनईएफटी, पेपॅल को(Sam Selva Raj, sam@echoofhiscall.org) PhonePe (98410 71858), Gpay (98410 71858), Western Union, MoneyGram, etc.) कृपया निम्नलिखित पते पर भेजी जा सकती है।

कृपया अपना **लैंड लाईन फोन/सेल फोन क्रमांक और ई-मेल पत्ता** आवश्यक सुधार/अद्यतनीकरण के लिए भेजें।

Our address :

**ECHO OF HIS CALL**
10, MOHAMMED ABDULLAH 2ND STREET, CHEPAUK, CHENNAI - 600 005, INDIA
PH: (+91-44) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766/ Cell: (+91) 98410 71852, 95661 31858 / E.mails: sam@echoofhiscall.org / biblecor@yahoo.co.in
Websites: www.echoofhiscall.org / www.stpaulsmatriculation.com

**YOU CAN SEND YOUR DONATION ONLINE ALSO**

**Regd. with the RNI under No . 63656/95**
**Licenced to post without pre-payment**
**Postal Regn. No. TN/CH (C) /202/24-26**
**Licence No. WPP. No. TN/PMG(CCR)/WPP-222/24-26**
**Date of Publication: Second week of every month**
**Date of Posting : 8th & 9th of every month**
**Posted at "Egmore RMS / 1 Patrika Channel"**
**on 9th DECEMBER 2024.**
**If un-delivered please return to:**
**ECHO OF HIS CALL (HINDI)**
**P.O. Box No. 2957, Chepauk, Chennai - 600 005, INDIA.**
**Phone: (+ 91- 44) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766**

***JESUS LOVES YOU!***

**To**

*GOD BLESS YOU!*

Owned and published by **S. Sam Selva Raj** from New No. 8 & 10, Old No.18 & 19, Mohammed Abdullah 2nd Street, Chepauk, Chennai-600 005 and printed by **S. Sam Selva Raj** at **Echo of His Call Printers,** New No. 8 & 10, Old No.18 & 19, Mohammed Abdullah 2nd Street, Chepauk, Chennai-600 005. Editor: **S. Sam Selva Raj.**